देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 175 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...किस नशे में कौन



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 13 अक्टूबर 2020



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 21.0° | 37244.59

2 पाक को एफएटीएफ से झटका लगा

7 एमआई के 'भविष्यवाणी' ट्वीट पर बवाल

# विकास का नया युग प्रारंभ

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तराखंड के आठ पुलों समेत 44 पुलों को राष्ट्र को किया समर्पित



### सभी पुलों का सामरिक दृष्टि से तो महत्व है: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में 44 पुलों के निर्माण के लिए रक्षा मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए बीआरओ के अधिकारियों, इंजीनियरों और सभी कार्मिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन सभी पुलों का सामरिक दृष्टि से तो महत्व है ही, स्थानीय लोगों को भी इसका बहुत लाभ मिलेगा। उत्तराखंड में बनाए गए पुलों से कैलाश मानसरोवर यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भी सुविधा होगी। इसका क्षेत्र की आर्थिकी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 7 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा बनाए गए 44 पुलों को राष्ट्र को समर्पित किया। रक्षा मंत्री ने अरूणाचल प्रदेश के तवांग मार्ग में नेचीफु सुरंग की आधारशिला भी रखी। राष्ट्र को समर्पित किए गए पुलों में उत्तराखंड में 08, अरुणाचल प्रदेश में 08, हिमाचल प्रदेश में 02, जम्मू कश्मीर में 10, लद्दाख में 08, पंजाब में 04 और सिक्किम में 04 पुल शामिल हैं। इन 44 पुलों का कुल स्पान 3506 मीटर है। उत्तराखंड के 08 पुलों का कुल स्पान 390 मीटर है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि एक साथ इतने पुलों का उद्घाटन और सुरंग की आधारशिला रखना बहुत बड़ा

**एक साथ इतने पुलों का उद्घाटन और सुरंग की आधारशिला रखना बहुत बड़ा रिकॉर्ड**

रिकॉर्ड है। इससे सीमावर्ती क्षेत्रों में कनेक्टिविटी और विकास का नया युग प्रारंभ होगा। देश में कोविड-19 में सभी क्षेत्र प्रभावित हुए हैं। पाकिस्तान व चीन के साथ हमारी बड़ी सीमा मिलती है, जहां तनाव बना रहता है। हम प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इन सभी समस्याओं का सफलतापूर्वक सामना कर रहे हैं। हाल ही में अटल टनल का उद्घाटन किया गया था।

सीमावर्ती क्षेत्रों में रक्षा के साथ ही विकास में बीआरओ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इन पुलों के बनने से स्थानीय आकांक्षाओं की पूर्ति होगी और सेना तक आवश्यक सामग्री





पहुंचाने में मदद मिलेगी। सामरिक आवश्यकताओं को पूरा करने में इनकी बड़ी उपयोगिता है।

इससे दूरदराज के क्षेत्र, विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे। केंद्रीय मंत्री ने बीआरओ की सराहना करते हुए कहा कि पिछले 4-5 वर्षों में बीआरओ के बजट को लगभग तीन गुना किया गया है। हमें इसके परिणाम भी देखने को मिले हैं।

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि पिथौरागढ़ में पुलों की लंबे समय से मांग थी और सपना जैसा लगता था। आज क्षेत्रवासियों का ये सपना साकार हुआ है। ऐसे

### बीआरओ की महत्वपूर्ण भूमिका रही : रक्षामंत्री

सीमावर्ती क्षेत्रों में रक्षा के साथ ही विकास में बीआरओ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इन पुलों के बनने से स्थानीय आकांक्षाओं की पूर्ति होगी और सेना तक आवश्यक सामग्री पहुंचाने में मदद मिलेगी।

दुर्गम क्षेत्रों में कम समय में पुलों का उच्च गुणवत्ता के साथ निर्माण पूरा करना सरकार की प्रतिबद्धता और बीआरओ की कुशलता को बताता है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री डा. जीतेंद्र सिंह, किरन रिजूजू, चीफ डिफेंस आफ स्टाफ जनरल विपिन रावत, आर्मी प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे, डीजीपी बीआरओ हरपाल सिंह सहित संबंधित राज्यों के मुख्यमंत्री, उपराज्यपाल व मंत्री, सांसद, वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मुंबई में आपातकालीन सेवाओं के लिए बिजली बहाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। ग्रिड फेल होने के कारण सुबह से ठप पड़ी मुंबई ने अब धीरे-धीरे रफ्तार पकड़नी शुरु कर दी है। ताजा मिली जानकारी के अनुसार कुछ इलाकों में बिजली आ चुकी है, सुबह से ठप पड़ी ट्रेन सेवा को भी बहाल कर दिया गया है। आपातकालीन सेवाओं जैसे अस्पतालों में बिजली की सप्लाई चालू कर दी गयी है। मध्य रेलवे सीपीआरओ के अनुसार हार्बर लाइन पर CSMT-पनवेल के बीच ट्रेनें फिर से शुरु हो गई हैं।

### कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुईं खुशबू सुंदर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कांग्रेस का साथ छोड़कर खुशबू सुंदर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गई हैं। इससे पहले उन्होंने आज कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को इसे लेकर एक पत्र लिखा था। जिसमें खुशबू ने पार्टी के बड़े नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए थे।

# केंद्रीय कर्मचारियों को छुट्टियों के बदले मिलेंगे कैश

## एक महीने 9 लाख तक घटे ऐक्टिव केस, 59 लाख लोग ठीक हुए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज सरकारी कर्मचारियों के लिए बड़ी घोषणा की है। वित्त मंत्री ने कहा कि स्पेशल वाउचर स्कीम में सरकारी कर्मचारी छुट्टियों के बदले वाउचर ले सकते हैं। इन वाउचर का इस्तेमाल सिर्फ ऐसे गैर-खाद्य सामान खरीदने के लिए किया जा सकता है जिनपर जीएसटी लगता है।

निर्मला ने कहा कि एलटीसी कैश वाउचर स्कीम के तहत, सरकारी कर्मचारी छुट्टियों के लिए नकद राशि का विकल्प चुन सकते हैं। उन्होंने कहा कि मांग को प्रोत्साहन के लिए खर्च के लिए अग्रिम में राशि दी जाएगी और विशेष त्योहार अग्रिम योजना शुरू की जाएगी। बता दें कि प्रत्येक चार साल में सरकार अपने कर्मचारियों को उनकी पसंद के

### LTC में कैश लेने वालों कर्मचारियों को करना होगा ये काम

- छुट्टियों के लिए पूरा भुगतान नकद में किया जाएगा।
- इसके अलावा यात्रा किराया के लिए 3 स्लैब होंगे जो कर्मचारियों के ग्रेड पर निर्भर होगा।
- यात्रा किराया टैक्स फ्री होगा।
- यात्रा किराए से मिले पैसे कर्मचारियों को 3 सामान खरीदना ही होगा। इसके अलावा 1 बार छुट्टियों के बदले नकद मिले पैसे भी सामान लेना होगा। 31 मार्च 2021 के पहले ऐसा करना होगा।
- जिन सामानों पर 12 प्रतिशत या उससे ज्यादा GST है उसे कर्मचारियों को रजिस्टर्ड वेंडर से लेना होगा और इसके लिए डिजिटल मोड से पेमेंट करना होगा।
- GST बिल को भी कर्मचारियों को पेश करना होगा।

किसी गंतव्य की यात्रा के लिए एलटीसी देती है। इसके अलावा एक एलटीसी उन्हें उनके गृह राज्य की यात्रा के लिए दिया जाता है।

वित्त मंत्री ने साथ ही कहा कि सरकार कर्मचारियों को एलटीसी में टिकट किराये का भुगतान में नकद करेगी। निर्मला ने कहा कि एलटीसी के लिए नकद पर सरकार का खर्च 5,675 करोड़ रुपये होगा। इसके अलावा सार्वजनिक उपक्रमों और बैंकों को 1,900 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार अर्थव्यवस्था में मांग को प्रोत्साहन के लिए अपने सभी कर्मचारियों को एकमुश्त 10,000 रुपये का विशेष त्योहार अग्रिम देगी।

# हाईकोर्ट ने यूपी की योगी सरकार को लगाई फटकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ/हाथरस। यूपी के चर्चित हाथरस कांड के बाद सोमवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने पीड़ित परिवार समेत यूपी सरकार के अफसरों से तमाम मुद्दों पर सवाल किए। मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने यूपी के डीजीपी, अपर मुख्य सचिव (गृह) और हाथरस जिला प्रशासन के अफसरों को तलब किया था। इसके अलावा हाई कोर्ट ने पीड़िता के परिवार के सभी पांच लोगों को भी यहां बुलाया था। इस सुनवाई के दौरान अदालत ने यूपी सरकार को पीड़िता का बिना सहमति अंतिम संस्कार करने समेत तमाम मुद्दों पर जमकर फटकार लगाई। इस सुनवाई के दौरान पीड़िता के परिवार ने हाई कोर्ट के सामने अपना पक्ष रखते हुए तीन तरह की मांग की। पीड़िता के परिवार ने कोर्ट से कहा कि वह इस मामले को यूपी के बाहर के किसी राज्य में ट्रांसफर करने का आदेश दें। इसके अलावा परिवार ने अनुरोध किया कि सीबीआई जांच

### हाथरस कांड

- पीड़ित परिवार ने अदालत में रखी 3 मांगें

के सभी तथ्य जांच पूरी होने तक पूरी तरह से गोपनीय रखे जाएं, साथ ही जांच की अवधि में परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

**यूपी सरकार ने मांगा 2 नवंबर तक का वक्त:** हाथरस कांड की पीड़िता के परिवार के साथ प्रसिद्ध वकील सीमा कुशवाहा ने हाई कोर्ट में तमाम दलीलें रखीं। वहीं यूपी सरकार की तरफ से अडिशनल एडवोकेट जनरल विनोद शाही अदालत में जिरह करने पहुंचे। सुनवाई के दौरान अदालत ने यूपी के डीजीपी, अपर मुख्य सचिव और हाथरस के डीएम एवं एसपी से सवाल पूछे। अदालत में यूपी सरकार ने अपना पक्ष रखते हुए 2 नवंबर तक समय देने की मांग की। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने बिना परिवार की सहमति के पीड़िता का अंतिम संस्कार कराने पर नाराजगी जताते हुए यूपी सरकार को जमकर फटकार लगाई।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# फारूक और राहुल एक ही सिक्के के दो पहलू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने रविवार को कहा है चीन की मदद से जम्मू-कश्मीर में फिर से अनुच्छेद 370 को बहाल किया जाएगा। फारूक अब्दुल्ला के इस बयान से देश की सियासत में उबाल आ गया है। बीजेपी ने सोमवार को प्रेस को वार्ता कर फारूक अब्दुला के बयान को

**धारा 370 बहाली मामले में चीन का नाम आने पर भड़की बीजेपी**

देशद्रोही बयान करार दिया है।

बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा ऐसा नहीं है कि केवल फारूक अब्दुल्ला ऐसा कहते हैं। यदि आप इतिहास में जाएंगे और राहुल गांधी के हाल फिलहाल के बयानों को सुनेंगे तो आप पाएंगे कि ये दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। पात्रा ने कहा कि ये

वही राहुल गांधी है जिन्होंने एक हफ्ते पहले कहा था कि पीएम कायर है, प्रधानमंत्री छुपा हुआ है, डरा हुआ है। असल में पाकिस्तान और चीन को लेकर जिस प्रकार की नरमी और भारत को लेकर जिस प्रकार की बेशर्मी इनके मन में है, ये बातें अपने आप में बहुत सारे सवाल खड़े करती है। देश की स्वतंत्रता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करना क्या एक सांसद को शोभा देता है?